वाल्व में आई खराबी बनाने में जुटा फिल्टर प्लांट का अमला

भिलाईनगर। भिलाई निगम के क्षेत्र के कई क्षेत्रों में आज भी पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी , 66 एम.एल.डी फिल्टर प्लांट से पानी टंकी में जाने वाले पाईप के वाल्व में खराबी आ गई जिसे सुधारने के लिए भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट के तकनीशियन पूरे अमले के साथ दो दिनों से लगातार संधारण कार्य में जुटे हुए है। चूंकि खराब हुआ वाल्व गहराई में लगा हुआ है, खराब हुए वाल्व को काटकर बदलने का काम देर रात तक जारी रहा इंजीनियरों के मुताबिक शनिवार प्रथम पहर तक वाल्व बदलने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा इसके बाद सभी पानी टंकियों में पानी भरकर प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की जाएगी।

जल कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि फिल्टर प्लांट के 66 एम.एल.डी.के 800 एमएम डाया के खराब वाल्व को बदलने के लिए कार्य लगातार जारी है , गडढा खोदकर डी वाटरिंग कर पाईप काटकर वाल्व को बदला जाएगा। दो दिन से पांच पानी टंकी मे जल भराव का कार्य नही हो सका है जिसके कारण नेहरूनगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, स्लाटर हाउस एवं फरीदनगर क्षेत्र मे शनिवार को भी पेयजल सप्लाई नही हो पाईगी। जिन क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई प्रभावित रही उन सभी क्षेत्रों में नेहरू नगर जोन 01 से जलकार्य विभाग द्वारा उन क्षेत्रों में पावर पंप तथा पानी टैंकर भेजकर पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।